बालवाटिका - पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय की नई पहल
एनईपी-2020 को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर केवी में बालवाटिका शुरू करने का फैसला किया है। इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय संगठन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विभिन्न दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

बालवाटिका पूर्व-प्राथमिक स्तर का एक खेल आधारित शिक्षण कार्यक्रम है। मुख्य रूप से इसका निर्माण पहली कक्षा से भी पूर्व की अवस्था वाले बच्चों के लिए किया गया है। इसके अंतर्गत बच्चों को खेल-खिलौनों से संबंधित गतिविधियों की सहायता से शिक्षा दी जाएगी।

इसका आयोजन तीन स्तरों पर बालवाटिका-1, बालवाटिका-2 तथा बालवाटिका-3 के नाम से 3-4, 4-5 तथा 5-6 आयु-वर्ग के बच्चों के लिए किया गया है। इसके संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कहा गया है कि - "नए 5+3+3+4 ढांचे में 3 वर्ष के बच्चों को शामिल कर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) की एक मजबूत बुनियाद को शामिल किया गया है जिससे आगे चलकर बच्चों का विकास बेहतर हो, वे बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकें और खुशहाल हों
पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बालवाटिका-3 का शुभारंभ सत्र 2023-24 से किया गया है।

विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेल खिलौने , ICT एवम अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई है।